# वेदांता ने 5 लाख बालिकाओं के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और अवसरों को आगे बढ़ाया

भास्कर समाचार सेवा

नई दिल्ली। राष्ट्रीय बालिका दिवस और अंतरराष्ट्रीय शिक्षा दिवस के अवसर पर, वेदांता ने आज बालिकाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य और सशक्तिकरण को आगे बढ़ाने के प्रति अपनी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को दोहराया। कंपनी ने बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 में अब तक भारत में अपने परिचालन क्षेत्रों में 5 लाख से अधिक बालिकाओं को सकारात्मक रूप से लाभ पहुंचाया है। संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों एसडीजी 4 गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, एसडीजी 5 लैंगिक समानता और एसडीजी 3 अच्छा स्वास्थ्य और कल्याण के अनुरूप समग्र और जीवन-चक्र आधारित दृष्टिकोण के तहत, वेदांता बालिकाओं को उनके जीवन के तीन प्रमुख चरणों में सहयोग प्रदान करता है। इसमें प्रारंभिक बाल्यावस्था और स्कूली शिक्षा में मजबूत आधार तैयार करना, शिक्षा, स्वास्थ्य और खेल के माध्यम से स्वस्थ और आत्मविश्वासी किशोरावस्था




को सक्षम बनाना, तथा उच्च शिक्षा, कौशल विकास और आजीविका के अवसरों को सशक्त करना शामिल है। ये सभी पहल इस विश्वास पर आधारित हैं कि जब बालिकाओं को शिक्षा, सहयोग और अवसर मिलते हैं, तो परिवार और समुदाय एक साथ आगे बढ़ते हैं। वेदांता की पहल की शुरूआत प्रारंभिक बाल्यावस्था में उसके प्रमुख नंद घर कार्यक्रम से होती है। इस कार्यक्रम के माध्यम से 17 राज्यों में स्थित 11,000 से अधिक आधुनिकीकृत आंगनवाड़ी केंद्रों के जरिए 2 लाख से अधिक बालिकाओं तक पहुंच बनाई गई है।